# लक्जरी कार में दो क्विंटल गांजा को छोड़ भागे तस्कर

## 0 मुड़पार के ग्रामीणों ने एक तस्कर को पकड़ा, एक फरार 0 सारागांव पुलिस कर रही मामले की जांच



**जांजगीर-चांपा (आरएनएस)।** सारागांव थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़पार में ग्रामीणों ने रविवार की सुबह एक गांजा तस्कर को भागने के फिराक में पकड़ लिया। कार में तकरीबन दो क्विंटल गांजा रखा हुआ था। जिसे पुलिस के सुपुर्द किया गया है। कार में दो तस्कर थे जो पुलिस के पकड़े जाने के डर में कार में ही गांजा को छोड़कर भाग निकले। ग्रामीणों ने एक तस्कर को दौड़ाकर पकड़ लिया। पकड़ा गया युवक कोरबा के पुराना कांशी नगर का रहने वाला है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

सारागांव पुलिस को रविवार की सुबह मुड़पार के ग्रामीणों ने फोनकर बताया कि एक लक्जरी कार क्रमांक सीजी 08 के 0910 जिसमें कांग्रेस के मंडल महामंत्री लिखा हुआ है। कार में दो युवक सवार थे और वे कार में दो क्विंटल गांजा को छोड़कर भाग रहे थे। एक युवक को दौड़ाकर पकड़ लिया। घटना की सूचना पाकर पुलिस तत्काल मुड़पार गांव पहुंची और कार समेत गांजा को अपने कब्जे में ले लिया। पकड़े गए युवक से पूछताछ की जिसमें युवक कांशीनगर कोरबा का रहने वाला कृष्ण दास बता रहा है। युवक कहां से गांजा ला रहे थे और कहां खपाने के फिराक में थे इस बात की पूछताछ कर रही है। कार में तकरीबन दो क्विंटल गांजा रखा हुआ था। पुलिस गांजे की तौल कराते हुए आरोपी से पूछताछ कर रही है। गांजा तस्करों के खिलाफ पुलिस एनडीपीएस की धारा 20 बी के तहत जांच पड़ताल कर रही है।

कार में लिखा मंडल महामंत्री

कांग्रेस शासनकाल में कांग्रेसियों का रुतबा बढ़ा हुआ है। जिससे कार में अब लोग कांग्रेस के पदाधिकारियों का पद नाम लिखकर चलते दिखाई दे रहे हैं। ऐसी कार में अब काला कारोबार भी होने लगा है। पकड़ा गया गांजा तस्कर को शायद इसी बात का खुमार था कि यदि वह कांग्रेस पदाधिकारी का स्टीकर कार में लगाएगा तो वह सुरक्षित रहेगा। दिलचस्प बात यह है कि तस्कर की गाड़ी में 2 नंबर प्लेट मिले। एक नंबर ओडिसा का था। राज्य बदलने के बाद गाड़ी का नंबर प्लेट बदल देते थे।

ओडिशा से ला रहा था गांजा

वाहन में सवार कृष्णा दास का कहना है कि वह ओडिशा से रातों रात गांजा ला रहा था और क्षेत्र में खपाने के फिराक में था। उसकी कार 100 की स्पीड में थी। कार बम्हनीडीह होकर अफरीद की ओर से 100 के स्पीड में गुजरी और उन्हें आशंका हो गई कि पुलिस को इसकी सूचना मिल चुकी है। यही वजह है कि वे गांजा को छोड़कर भागने वाले थे। एक आरोपी भागने में कामयाब हो गया वहीं दूसरा पकड़ा गया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### खूंटाघाट की मुख्य नहर में दिखा मगरमच्छ



**बिलासपुर (आरएनएस)।** खूंटाघाट की मुख्य नहर में मछुआरों ने मगरमच्छ को देखा। इसकी सूचना उन्होंने वन विभाग को दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों की मदद से मगरमच्छ को पकड़ लिया। उसे डेम में सुरक्षित छोड़ दिया। रतनपुर के वन परिक्षेत्र अधिकारी सीआर नेताम ने बताया मगरमच्छ आठ फीट का था। इससे पहले भी यहां कई मगरमच्छ निकल चुके हैं। अच्छी बात यह है कि ये मगरमच्छ नरभक्षी नहीं हैं। इसलिए कोई खतरा नहीं है।

### एटीएम से निकले 25 हजार रुपये लेकर आरोपी फरार, रिपोर्ट दर्ज



**रायपुर (आरएनएस)।** महिला द्वारा एटीएम से निकाले रुपये को छोटा बताकर बदलने की बात कह रुपये लेकर फरार हो जाने की रिपोर्ट आजाद चौक थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार लोहार चौक पुरानी बस्ती निवासी हेमलता सोनी 40 वर्ष पति स्व.चंदन सोनी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 12 फरवरी की शाम को उज्जीवन बैंक एटीएम बुथ के पास तात्यापारा में रुपये निकालते समय बाजू में खड़ा एक व्यक्ति ने एटीएम से निकले 25 हजार रुपये को छोटा बताकर बदल देने की बात कहकर महिला की हाथ से लेकर भाग गया। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध कायम कर ममाले को जांच में लिया है।

### गिरकर पांच घायल

**बिलासपुर(आरएनएस)।** अलग-अलग स्थानों में गिरकर घायल पांच को उपचार के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। बिल्हा थाना क्षेत्र के ग्राम दगौरी निवासी चैतराम ध्रुव पिता रुल्हा राम ध्रुव(85) घर में ऊंचाई से गिर गया। इसी प्रकार सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के तेलीपारा निवासी शालिनी नामदेव पिता विनय नामदेव(15) इमलीपारा में, सिरगिट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम धूमा निवासी रमेश यादव पिता महिंगल यादव(21) गांव में, मरवाही निवासी राहुल सिंह पिता रमेश सिंह(23) पेंड्रा में बस स्टैंड के पास तो मरवाही थाना क्षेत्र के ग्राम सिवनी निवासी अयोध्याय गुप्ता पिता राम सुंदर(50) घर में गिरकर घायल हो गया।

### झाड़ फूंक के बहाने झांसे में लेकर बिल्डर को लूटा, मामला दर्ज हुआ

**जांजगीर-चांपा (आरएनएस)।** जांजगीर चाम्पा जिले में अंध विश्वास का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहाँ जांजगीर के एक बिल्डर के घर से झाड़ फूंक और पूजा पाठ के बहाने 4 लोगो ने 5 लाख रुपये पार कर दिए। इस दौरान ठगों ने बिल्डर को रकम दो गुना करने के झांसे में ले लिया उनकी बातों आए बिल्डर ने 5 लाख रुपये उन्हें सौंप दिया। ठगों ने पूजा पाठ के बाद कहा कि 5 दिन बाद पूजा कमरा खोलना रकम दो गुना मिलेगा और इसी दौरान उन्होंने मौका पाते ही 5 लाख अपने बैग में रख लिया। जब तक बिल्डर को कुछ समझ आता चारों आरोपी जिसमे एक महिला भी शामिल है रफूचक्कर हो गए। कुछ शंका होने पर बिल्डर ने पूजा कमरा खंगाला तब वहां से पैसे गायब थे। जिसके बाद जांजगीर थाने पहुँचकर मामला दर्ज कराया। मामला सामने आने के बाद हरकत में आई पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। आरोपियों से 5 लाख रुपये नगद एक मारुति वेन जब्त किया गया है। सभी आरोपी सक्ती क्षेत्र के सरजुनी गांव में मोबाइल लोकेशन के आधार पर पकड़े गए।

### सड़क हादसे में शिक्षक की मौत

**कोंडागांव (आरएनएस)।** विकासखंड केशकाल अंतर्गत ग्राम हरवेल प्राथमिक शला प्राध्यापक जगदेव उसेण्डी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षक जगदेव उसेण्डी विकासखंड केशकाल अंतर्गत ग्राम हरवेल प्राथमिक शाला में प्राध्यापक के पद पर पदस्थ थे और प्रतिदिन की तरह अपने घर से स्कूल गए थे। स्कूल छुट्टी होने के बाद वापस अपने घर कांकेर की ओर ग्राम व्यासकोंगेरा जा रहे थे। इसी बीच शिक्षक जगदेव उसेण्डी को अचानक बोलेरो गाड़ी ने जबरदस्त ठोकर मार दी। जिससे जगदेव उसेंडी गंभीर रूप से घायल हो गए।

## मेरे सीएम रहते टेपिंग नहीं होगी : भूपेश बघेल

### साइंस कालेज में पूर्व छात्र सम्मेलन में हुए शामिल



**रायपुर(आरएनएस)।** 18 साल में पहली बार ऐसा लग रहा है कि छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ियों का राज आया है। प्रजातंत्र में अपनापन होना जरूरी है, जनता को लगना चाहिए कि अपनी सरकार और और लोगों को अब लग रहा है कि अपनी सरकार है।

उक्त बातें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने साइंस कालेज में आयोजित भूतपूर्व छात्र सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। बघेल ने साइंस कालेज ऑडिटोरियम पहुंचकर कार्यक्रम में शिरकत की। अपने उद्बोधन में सीएम बघेल ने कहा कि पहली बार लग रहा है कि छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ियों का राज आया है। प्रजातंत्र में अपनापन होना बहुत जरूरी है, लोगों को यह एहसास होना चाहिए कि अपनी सरकार है और अब लोगों को यह एहसास हो भी रहा है। बघेल ने कहा कि आज 17 तारीख को मुझे मुख्यमंत्री पद की शपथ लिए 2 माह पूरे हो गए हैं। मंच में मुख्यमंत्री के निकट बैठे पूर्व मुख्य सचिव विवेक ढांढ की ओर इशारा करते हुए बघेल ने कहा कि पूर्व सीएस विवेक ढांढ साहब भी यहां उपस्थित हैं, पिछली सरकार में मोबाइल पर बात करने से घबराते थे, व्हाट्सएप कॉल

## पांच सौ प्रवेश पत्र अटके, परीक्षार्थियों को लगा झटका

**बिलासपुर(आरएनएस)।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग द्वारा वेबसाइट पर मुख्य परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी करते ही गड़बड़ी सामने आई है। पांच सौ से अधिक छात्र छात्राओं के त्रुटिपूर्ण तरीके से परीक्षा फार्म भरने के कारण उनका प्रवेश पत्र रोक दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि सुधार के बाद दोबारा अपलोड किया जाएगा। परीक्षा विभाग द्वारा सत्र 2018-19 मुख्य परीक्षा के प्रवेश पत्र वेबसाइट पर अपलोड करने के बाद शनिवार को परीक्षार्थी यूजर आइडी, नामांकन नंबर या आधार नंबर के माध्यम से डाउनलोड करने लगे।

## अब होगी कांग्रेस भवन में लाठीचार्ज की घटना की जांच



**बिलासपुर (आरएनएस)।** 20 फरवरी को सुनवाई के दौरान पहली बार एडीएम कोर्ट में कांग्रेस भवन में लाठीचार्ज की घटना की जांच शुरू होगी । कलेक्टर डॉ.संजय के अलंग ने पूर्व में जारी जांच के बिंदुओं में दो महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल करते हुए इसी आधार पर जांच के निर्देश अपर कलेक्टर बीएस उइके को दिए हैं।18 सितंबर 2018 को जिला शहर कांग्रेस कमेटी बिलासपुर द्वारा पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल के निवास का घेराव कर कचरा फेंके जाने की घटना के दौरान पुलिस द्वारा बल प्रयोग किए जाने की घटना की दंडाधिकारी जांच के लिए तत्कालीन कलेक्टर पी दयानंद ने अपर कलेक्टर उइके को जांच अधिकारी नियुक्ति करते हुए प्रमुख बिंदु भी तय कर दिया था। इसी आधार पर कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को गवाही के लिए समंस जारी किया गया था। जारी समंस में पूर्व मंत्री बंगले के सामने लाठीचार्ज का उल्लेख करते हुए गवाही के लिए कोर्ट तलब किया गया था। बीते दिनों मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बिलासपुर प्रवास के दौरान पीसीसी के महामंत्री अटल श्रीवास्तव व पीसीसी के प्रवक्ता अभयनारायण राय ने सीएम से इस बात की शिकायत की थी।

## बिजली कंपनी ने 50 बकायादारों की काटी बिजली

### अब मीटर उखाड़ने की तैयारी



**जगदलपुर (आरएनएस)।** जिले के नगरनार विद्युत वितरण केन्द्र के करीब साढ़े 4 हजार उपभोक्ताओं पर 1 करोड़ रूपए से अधिक का बिजली बिल बकाया है। इसके लिए डिस्कनेक्शन टीम ने 2 दिन में लगभग 50 बकायेदार उपभोक्ताओं की विद्युत लाईन काट दी है।


प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले के नगरनार विद्युत वितरण केन्द्र के अंतर्गत 42 गांव में लगभग 8 हजार उपभोक्ता हैं। यहां ग्रामीण उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सेवा देने का प्रयास किया जा रहा है। केन्द्र के 8 हजार में से लगभग 4500 उपभोक्ता ऐसे हैं जो नियमित विद्युत देयक का भुगतान नहीं करते है। यही कारण है कि, वर्तमान में ऐसे 4 हजार उपभोक्ताओं पर एक करोड़ 23 लाख रूपए का बिजली बिल बकाया हो गया है। इसकी वसूली के लिए केन्द्र के कनिष्ठ यंत्री रजनीश चौबे ने विद्युत कर्मियों की डिस्कनेक्शन टीम गठित की है। जो प्रतिदिन सुबह से बकायादारों के घर एवं प्रतिष्ठानों के दरवाजों पर दस्तक दे रहे हैं। डिस्कनेक्शन अभियान के दौरान टीम ने 2 दिन में लगभग 50 बकायेदार उपभोक्ताओं की लाईन काटी है।

## राहुल गांधी को एयरपोर्ट में दी गई बिदाई



**रायपुर (आरएनएस)।** लोकसभा सांसद राहुल गांधी आज बस्तर जिले के ग्राम धुरागांव में आयोजित आदिवासी कृषक अधिकार सम्मेलन में सम्मिलित होने के उपरांत जगदलपुर एयरपोर्ट पहुंच कर नई दिल्ली रवाना हुए। एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उन्हें भावभीनी बिदाई दी। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद पी.एल. पुनिया, लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी. एस. सिंहदेव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, विधायक रेखचंद जैन, महापौर जतिन जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष सुकमा हरीश कवासी, राजीव शर्मा, पुलिस महानिदेशक, डी एम अवस्थी, पुलिस महानिदेशक आईबी संजय पिल्ले, सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## नक्सलियों ने भूपेश सरकार को दमनकारी बताया



**दन्तेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र के माडेंदा गांव के पास दरभा डिवीजन के नक्सलियों ने पर्चा जारी कर भूपेश सरकार को दमनकारी बताया है और रमन सरकार से तुलना की है। जारी पर्चों पर सरकार की दमनकारी नीति का विरोध करने की बात लिखी गई है। वहीं दूसरे पेड़ पर एक और पर्चा नक्सलियों ने लगा रखा था, जिस पर्चे में 7 फरवरी को बीजापुर के भैरमगढ़ इलाके में पुलिस नक्सली मुठभेड़ को फर्जी बताते हुए भूमि समतलीकरण में लगे ग्रामीणों को घेरकर पुलिस द्वारा अंधाधुंध गोलियां चलाने का आरोप लगाया है। साथ ही घटना के विरोध में दोषी पुलिस कर्मियों को सजा दिलवाने की मांग करते हुए जुझारू आंदोलन करने की बात कही है।

## रायपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर प्राथमिक उपचार कक्ष का शुभारंभ



**रायपुर (आरएनएस)।** शनिवार को रायपुर रेलवे स्टेशन पर इमरजेंसी मेडिकल प्राथमिक उपचार कक्ष का शुभारंभ रायपुर रेल मंडल द्वारा कॉरपोरेट सोशल एक्टिविटी के तहत किया गया है। कक्ष के खुलने से यात्रियों को प्राथमिक चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी जैसे फर्स्ट एड देना हार्ट अटैक के समय सीपीआर देना फैक्चर होने पर चिकित्सा सुविधा देना इत्यादि चिकित्सीय सुविधाओं का लाभ यात्रियों को मिलेगा इसका शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक कौशल किशोर की उपस्थिति में रेलवे के सेवानिवर्त चीफ प्लेटफार्म सी एच तिरुपति राव के द्वारा किया गया।

## किसानों के हक में ऐतिहासिक फैसला देश में पहली बार अधिग्रहित जमीन किसानों को वापस

### राज्य सरकार ने किसानों से किया वादा निभायारू मुख्यमंत्री



**रायपुर (आरएनएस)।** लोकसभा सांसद राहुल गांधी ने आज बस्तर जिले के लोहंडीगुड़ा विकास खंड के ग्राम धुरागांव में आयोजित विशाल आदिवासी कृषक अधिकार सम्मेलन में टाटा संयंत्र के लिए अधिग्रहित दस गांवों के किसानों 1707 किसानों को 1784 हेक्टेयर जमीन का दस्तावेज सौंपकर मालिकाना हक वापस दिलाया। गांधी ने इस अवसर पर कहा कि किसानों के हक में राज्य सरकार का यह ऐतिहासिक फैसला है। देश में छत्तीसगढ़ पहला राज्य है, जिसने अधिग्रहित जमीन किसानों को वापस करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि वे पिछली बार बस्तर प्रवास के दौरान किसानों को अधिग्रहित जमीन वापस दिलाने का वादा किया था और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में बनी सरकार ने एक सप्ताह के भीतर किसानों को जमीन वापस करने का निर्णय लिया।

## फाइनली अपने बागी प्रेमी के पास लौट आईं श्रद्धा कपूर



साल 2016 में रिलीज़ हुई अभिनेत्री श्रद्धा कपूर और टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म बागी का सफलता के बाद ही तय किया गया कि इस फिल्म को फ्रेंचाइज की तरह इस्तेमाल किया जाएगा। पिछले साल फिल्म का दूसरा भाग बागी 2 भी रिलीज़ हुआ, लेकिन इस बार श्रद्धा की जगह दिशा पाटनी ने ले ली। पिछ्ले कई दिनों से बागी 3 की हिरोइन को लेकर खूब खबरें आ रही थीं और अब फाइनली कन्फर्म हो गया है कि बागी 3 में श्रद्धा कपूर को फाइनल कर लिया गया है।

फिल्म के निर्देशक अहमद खान ने बताया कि बागी 3 की कहानी और डायलॉग का काम पूरा हो चुका है, इस समय वह शूटिंग से पहले का पूरा काम निपटाने में जुटे हैं। मेन लीड के अलावा बाकी किरदारों की कास्टिंग तेजी से हो रही है, सबके डेट्स लॉक किए जा रहे हैं और तय किया गया है कि दो महीने बाद यानी मई लास्ट वीक से बागी 3 की शूटिंग भी शुरू हो जाएगी।

श्रद्धा कपूर फिलहाल वरुण धवन के साथ रेमो डीसूजा की फिल्म स्ट्रीट डांसर की शूटिंग में बिजी हैं। श्रद्धा ने हाल ही में प्रभाष के साथ तीन भाषाओं में बन रही फिल्म साहो और साइना नेहवाल की बायॉपिक की शूटिंग पूरी की है। बागी 3 के बारे में श्रद्धा ने कहा, मैं बागी 3 को लेकर बेहद उत्साहित हूं। साजिद नाडियाडवाला के प्रॉडक्शन में यह मेरी तीसरी फिल्म है। टाइगर श्रॉफ और अहमद खान के साथ दूसरी बार काम करूंगी। मुझे फिल्म की कहानी बहुत ज्यादा पसंद आई है और मैं बेसब्री से फिल्म की शूटिंग होने का इंतजार कर रही हूं।

फिल्म के निर्माता साजिद कहते हैं, हम इस फ्रेंचाइज की कहानी को हर बार और भी ज्यादा बेहतर बनाने की कोशिश में हैं।

## आज के वक्त में, मैं एक को दूसरे से अलग नहीं बना सकती:आहना कुमरा



'द एक्सिडेंटल प्राइम मिनिस्टर' में प्रियंका गांधी का किरदार निभाने वाली आहना कुमरा को छोटे बाल और साधारण लुक पसंद है, जो कि 'युद्ध' जैसे शो या 'लिपस्टिक अंडर माय बुर्का' जैसी फिल्म में दर्शकों द्वारा देखे गए उनके किरदार से ठीक उलट है। उन्हें लगता है कि यह किरदार फिल्म जगत को उन्हें अलग नजरिए से देखने में मदद करेगा।

उन्होंने कहा, ''लोग अक्सर मुझे एक गर्ल नेक्सट डोर के रूप में देखते हैं न किरदार के रूप में। और मुझे लगता है ऐसा मेरे अलग लुक और अलग हेयरस्टाइल के कारण है। मुझे लगता है कि अब वे मुझे अलग तरीके से देखने के लिए तैयार हैं।''

आहना ने बताया, ''मुझे नहीं पता कि क्यों वे (फिल्मनिर्माता) महिला को अलग लुक देने से डरते हैं। हम एक ऐसे देश में नहीं जी सकते, जहां सभी एक जैसे दिखते हों।''

उन्होंने दुर्भाग्यपूर्ण लगता है कि आज सभी अदाकाराएं एक समान ही दिखती हैं।

उन्होंने कहा, ''यहां एक-दूसरे में कोई अंतर नहीं है। यहां एक गीता बाली थी, एक नूतन थी, एक साधना थी...वे सभी एक दूसरे से अलग दिखती थीं।''

## कान को साफ रखने वाला कॉटन स्वाब, बनाएगा आपको ब्यूटिफुल



कई बार जल्दबाजी में या फिर गलती से हमसे मेकअप से जुड़ी चीजें गुम जाती हैं। ऐसे में ऐन वक्त पर उसे अप्लाई करने के लिए मेकअप टूल ढूंढना मुश्किल हो जाता है। ऐसी स्थिति में कान को साफ करने के लिए इस्तेमाल होने वाला कॉटन स्वाब मेकअप को अच्छे से अप्लाई करने में आपकी मदद कर आपको खूबसूरत बनाने में काफी काम आ सकता है।

**लिप कलर-** लिप लाइनर लगा रहे हैं और उसका ब्रश खराब हो गया है तो बस अपनी अलमारी से कॉटन स्वाब निकालिए और उसकी मदद से लाइनर लगाएं। लिपग्लॉस लगाने के लिए भी आप कॉटन स्वाब का इस्तेमाल कर सकती हैं। यह आपको ब्रश जैसी ही फिनिशिंग देगा। इतना ही नहीं अगर लिपस्टिक में बची हुए लिप कलर को भी आप कॉटन स्वाब से लगा सकते हैं।

**फेस को करें हाइलाइट** - फेस को हाइलाइट करने के लिए कॉटन स्वाब काफी काम आ सकता है। इसकी क्यू टिप से फेस के उन हिस्सों पर हाइलाइटर लगाएं जिन्हें आप शार्प लुक देना चाहते हैं। क्यू टिप से हाइलाइटर काफी आसानी से और बेहद सटीक तरीके से अप्लाई होगा और आपको मेकअप में भी आसानी होगी।

**लैशेज को बनाएं और खूबसूरत** - अपनी आई लैशेज को घना लुक देना है और आप फेस आई लैशेज यूज नहीं करना चाहते तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप बस काटन स्वाब लीजिए, इससे ट्रांसलूसंट पाउडर पलकों पर लगाएं, उस पर मस्कारा लगाएं।